सड़क का पक्कीकरण

*254. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत समेली प्रखंड के समेली चौक से डुमरिया गाँव होते हुए स्टेट हाईवे तक सड़क काफी जर्जर अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*255. श्री अरुण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 सितम्बर, 2012 को प्रकाशित "सड़कों का निर्माण कार्य धीमा" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में एन0पी0सी0सी0, एन0एच0पी0सी0, इरकॉन, सी0पी0डब्ल्यू0डी0, एन0बी0सी0सी0 द्वारा क्रमशः 180, 133, 67, 77 एवं 52 सड़कों का निर्माण समयावधि बीत जाने के दो साल बाद भी अबतक नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन एजेंसियों द्वारा (प्रकाशित खबर दिनांक 30 सितम्बर, 2012 तक) 2013 सड़कों में से मात्र निर्मित 1551 सड़कों को ही राज्य सरकार को सौंपा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त केन्द्रीय एजेंसियों से शेष बचे सड़कों के निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*256. श्री अवनीश कुमार सिंह—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "मंहगाई डायन खा रही सड़कों की लम्बाई" के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पाँच वर्ष में सड़कों का निर्माण तीन से चार गुणा महंगा हो जाने के कारण 2010-11 एवं 2011-12 में निर्माण हेतु स्वीकृत/कार्य आवंटित 50 से अधिक सड़कों का निर्माण अभीतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अधूरी पड़ी सड़कों का काम पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*257. श्री अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड के विजनपुर गाँव से रकिया गाँव तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण आम लोगों को खासकर बरसात के समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*258. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार सरकार के पत्रांक 4844, दिनांक 28 दिसम्बर, 2007 के अनुसार जन–शिकायतों के त्वरित निष्पादन में कोताही बरतने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के शिकायत पर ग्रामीण कार्य विभाग के जन–शिकायत पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 18462, दिनांक 22 नवम्बर, 2011 से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, भोजपुर को पत्र में उल्लेखित विषय–वस्तु की जाँच कराकर दो सप्ताह के अंदर प्रश्नकर्ता को अवगत कराने का निर्देश दिया गया, परन्तु एक वर्ष बीतने के बावजूद आजतक कोई जानकारी नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो विभागीय आदेश की अवहेलना करने वाले उक्त पदाधिकारी पर सरकार कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*259. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत इंदिरा आवास योजना का पासबुक वितरण का कार्य 27 अक्टूबर, 2012 को हुआ था, परन्तु भलुआहा पंचायत का पासबुक समारोह में वितरित न कर बाद में बिचौलिये के जरिये प्रखंड विकास पदाधिकारी ने वितरित कर दिया, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*260. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत चितौड़िया ग्राम पंचायत के अमीरगंज में सामुदायिक भवन नहीं है जिससे वहाँ सामाजिक गतिविधि नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर सामुदायिक भवन बनाने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की सुविधा

*261. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कमला पश्चिमी नहर खिरहर वितरणी के 225 वें चैन हत्थापुर गाँव से निःसृत जलवाहा जो मानापट्टी होते हुए फेंट गाँव तक जाती है, में पूर्णतः गाद भर जाने से पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँच पाता है, जिस कारण किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिलती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलवाहा का उड़ाही एवं सफाई कराकर सिंचाई सुविधा बहाल कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*262. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया प्रखंड अन्तर्गत गवन्द्री प्रधान मंत्री ग्राम सड़क से पचरौड़ पथ भाया सरेयावसंत, मुख्य मंत्री सेतु भावलपुर एवं मझोपुर पथ जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*263. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत भोरे प्रखण्ड अन्तर्गत भोरे से भेंगारी तक के पथ की स्थिति 1990 से मरम्मती के अभाव में काफी जर्जर हो जाने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*264. श्री रमेश ऋषिदेव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड के सिंहेश्वर से बिरौली तक आर०ई०ओ० सड़क वर्ष 2008 में टूट गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*265. श्री राम लषण राम 'रमण'---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड की रघुनी देहट पंचायत के अमादा ग्राम पी०डब्लू०डी० सड़क से भाया रघुनी देहट से खोईर गाँव तक जाने वाली 04 कि०मी० सड़क में 02 कि०मी० कच्ची एवं 02 कि०मी० खरंजा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 04 (चार) कि०मी० सड़क में 3 जगहों पर पुलिया नहीं होने से आवागमन बाधित रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क पर पुलियों का निर्माण कराते हुए उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*266. श्री अख्तरूल ईमान---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नगरपालिका क्षेत्र, किशनगंज उत्तर पाली से सोमलबाड़ी चौक वाया फुलवाड़ी बेथल मिशन स्कूल (लम्बाई 2 किलो मीटर) किशनगंज शहर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण आर०ई०ओ० सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 20 वर्ष पूर्व ही इस सड़क का मेटल ग्रेड I, II कार्य किया गया था जो अब गड्ढे में तब्दील हो गया है, जिससे आमजनों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*267. श्री कृष्ण कुमार ऋषि––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड में काझी ह्रदयनगर पंचायत के नगराही पुल से कोशी शरण देवोत्तर पंचायत के तेरासी टोला मलिनिया होते हुये गोरिया स्थान तक जाने वाली सड़क कच्ची व जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*268. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विशेष अंगीभूत योजना के तहत महादलित टोला के सड़कों को प्राथमिकता देकर सरकार द्वारा बनाया जाना है, जबकि उजियारपुर प्रखण्ड के चंदौली महादलित बस्ती से रायपुर–उजियारपुर रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर का निर्माण

*269. श्री दिनेश कुमार सिंह––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत कटेया लाईन वितरणी नहर के बलिगाँव गाँव से छेर नदी तक नई नहर निर्माण के लिए डी०पी०आर० मार्च, 2011 से बनकर तैयार है जबकि निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*270. डॉ० रामानन्द यादव––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखंड के उसफा पंचायत के ग्राम जमनपुरा में उसफा मुख्य पथ से जमनपुरा गाँव तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*271. श्रीमती देवंती यादव––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज से जयनगर जाने वाली प्रधान मंत्री सड़क का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गुणवत्ता की कमी के कारण उक्त सड़क की स्थिति अतिजर्जर हो गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की गुणवत्ता की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*272. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान–सभा क्षेत्र में वारिसनगर प्रखंड कार्यालय भवन स्टाफ क्वार्टर मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार वारिसनगर प्रखंड कार्यालय के भवन एवं स्टाफ क्वार्टर की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*273. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपूरा जिलान्तर्गत कुमारखंड के रानी पट्टी एवं बेतरनी के टेगराहा एवं सिकियाहा पथ वर्ष–2008 में टूट जाने के कारण आम जनता एवं किसानों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*274. श्री पद्म पराग राय "वेणु"—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंडान्तर्गत अम्हारा पंचायत के उत्तर कमता बलियाड़ी के दक्षिण सूरहाधार और बलथही धार में आजादी के बाद से आजतक पुल का निर्माण नहीं होने से आम लोगों को आने–जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार सूरहाघार और बलथही घाट में आर०सी०सी० पुल निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का पक्कीकरण

*275. श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड अंतर्गत राज्य कोर नेटवर्क में प्रस्तावित नये पथ 88 एवं बारून प्रखंडान्तर्गत सी०एन०सी०पी०एल० में 73 पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है उक्त दोनों प्रखंडों के प्रस्तावित नये पथों की लम्बाई 277 किलोमीटर एवं 151.20 किलोमीटर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य कोर नेटवर्क में प्रस्तावित नये पथों के पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डैटम वाल का निर्माण

*276. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के छोटीनाकी एवं ग्राम भट्टाचक से मैना नदी गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि कार्य हेतु मैना नदी के पानी को अवरुद्ध करने के लिए उक्त ग्रामों में डैटम वाल नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मैना नदी के छोटीनाकी एवं भट्टाचक में डैटम वाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं , तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*277. श्री दामोदर सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा अपने पत्रांक 469, दिनांक 23 अगस्त, 2011 को अभियंता प्रमुख (उत्तर) जल संसाधन विभाग, पटना को मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना मद से अनुशंसित योजनाओं में अनापत्ति प्रमाण–पत्र देने की मांग की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियंता प्रमुख (उत्तर) जल संसाधन विभाग, पटना के द्वारा मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना का वित्तीय वर्ष 2012–13 के अनुशंसित योजनाओं में अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अबतक अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की सुविधा

*278. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत इटाढ़ी प्रखंड के विझौरा पंचायत एवं कुकुरा पंचायत के दर्जनों गाँव के सैकड़ो एकड़ भूमि नहर के अन्तिम छोर पर अवस्थित रहने के कारण सिंचाई हेतु नहर में पानी उपलब्ध नहीं रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का चौड़ीकरण

*279. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूवी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर के छतौनी चौक पर स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार सरकार के भूतपूर्व मंत्री स्व० राजेन्द्र प्रताप सिंह के मूर्ति के मधुबनी रोड एवं ढाका रोड में ड्रेन एवं सड़कों की चौड़ाई महज 200 मीटर किया गया है जिस कारण प्रायः जल की निकासी एवं जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़कें एवं ड्रेन चौड़ा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*280. श्री कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड अंतर्गत फल्गु नदी में केनी श्रीपुर घाट पर पुल नहीं रहने के कारण गया, जहानाबाद, नालन्दा जिला के ग्रामीणों को आने–जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*281. श्री अरूण शंकर प्रसाद––क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी एवं खजौली प्रखंड कार्यालय भवन को उपद्रवी तत्वों द्वारा दिनांक 13 अक्तूबर, 2012 को जलाकर बर्बाद कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रखंड परिसर के भवन एवं उपस्करों को जला देने के कारण प्रखंड कार्यालय के कार्यों का निष्पादन समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त बासोपट्टी एवं खजौली प्रखंडों के भवन का निर्माण एवं उपस्करों की आपूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*282. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड स्थित पी०डब्लू०डी०, लहाड़िया से बेलवा डागी तक एवं बारसोई प्रखण्ड चौक पी०डब्लू०डी० रोड से बारसोई बाजार होते हुए बारसोई उच्च विद्यालय से आगे पी०डब्लू०डी० पथ तक सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर एवं जीर्ण–शीर्ण अवस्था में रहने के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

*283. श्रीमती लेशी सिंह––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत एन०एच० 107 गोकुलपुर से भाया जगन्नाथपुर–करहा–मसूरिया जाने वाली पथ तथा धमदाहा पी०डब्लू०डी० पथ से हरिणकोल होते हुए ककरवदा–कुऑडी पी०डब्लू०डी० पथ तक जाने वाली पथ को पथ निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2012–13 में अधिग्रहित किया गया है, परन्तु सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण का विचार रखती है ?

---

पी०सी०सी० कराना

*284. श्री पदम पराग राय 'वेणु'––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखण्ड अंतर्गत परवाहा ग्राम पंचायत के वार्ड नं० 13 महादलित बस्ती (स्कूल टोला) लद्दू ऋषिदेव के घर से चन्दन ऋषिदेव के घर से तक सड़क नहीं बनने से आवागमन अवरुद्ध है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क का कबतक पी०सी०सी० कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*285. श्री वीरेन्द्र सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर में चहारदीवारी (घेराबंदी) नहीं रहने के कारण प्रखण्ड कार्यालय परिसर में जानवरों का आना–जाना लगा रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार वजीरगंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*286. श्री दिनेश कुमार सिंह––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बनास नदी में इचरी मौजा के ऊपर बाँध नहीं होने से 20,000 एकड़ भूमि सिंचित नहीं हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर बाँध का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*287. श्री गजानन्द शाही––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अंतर्गत शेखपुरा से मेहुस पथ का निविदा 7 वर्ष पूर्व किये जाने के बावजूद उक्त पथ का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चेकडैम का निर्माण

*288. श्रीमती नीता चौधरी––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर के अन्तर्गत के सौली पंचायत के परसंडा गाँव के पूरब महाने नदी में झरना पर चेकडैम एवं गाईड वाल का निर्माण नहीं होने से उक्त पंचायत के ग्राम रैनिया, सुपौहुआ, गौरवडीह, बरसण्डा एवं मोहराटन के 100 एकड़ भूमि मे सिंचाई नहीं हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार महाने नदी में झरना पर चेकडैम एवं गाईड वाल के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*289. श्रीमती उषा सिन्हा––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत हिलसा प्रखंड में ग्राम योगीपुर से असाढ़ी तक पथ अत्यन्त जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन तथा कृषि कार्य हेतु खाद, बीज एवं अनाज को लाने–लेजाने में अत्यधिक कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का निर्माण

*290. श्री अनिल सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत 2009–10 में एवं 2011–12 में जिला संचालन समिति द्वारा भीम विघा सम्पर्क पथ वर्ष (2009–10) में एवं मनैल वागी से मनैल गाँव होते हुए बलिया लखमोहना पैक्स गोदाम तक सम्पर्क पथ निर्माण का चयन किया गया था एवं जिला संचालन समिति ने इसकी स्वीकृति वर्ष 2011–12 में दे दी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथों का निविदा अभीतक नहीं हुआ है जिससे बरसात में लोगों को फाफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गुणवत्ता की जाँच

*291. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के महथावा–भरगामा पथ का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गुणवत्ता के कमी के कारण उक्त पथ की स्थिति अति जर्जर हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच कराते हुए मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*292. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड मोहनियाँ के ग्राम चौरसिया से पक्की सड़क ग्राम छोटका कुल्हड़िया, कैथिया, बदुपर होते हुए एन०एच० 30 मार्ग में ग्राम कटराकला के पास मिल जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम कैथिया के पास कुदरा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में आमलोगों के साथ–ही–साथ पुलिस प्रशासन को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कैथिया के पास उक्त नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*293. श्री फैयाज अहमद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के विस्फी प्रखंड में दमला घाट पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में कठैला गढ़िया, भेरवा, सकराढ़ी, नरसाम, जानीपुर, जगवन गाँव के लोगों को हाट–बाजार हेतु स्थानीय बाजार कमतौल जाने में 6 कि०मी० की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हां, तो क्या सरकार दमला घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*294. श्री अनिल सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नावादा जिला के अन्तर्गत मंझवे नरहट फतेहपुर ककोलत दर्शन नाला पथ एस०एच० 103 का स्थिति जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को परिचालन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ से होकर बोधगया से ककोलत पर्यटकों को आने–जाने में काफी कठिनाई होती है तथा उक्त पथ बिहार एवं झारखंड राज्य को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*295. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड अंतर्गत मठिया नहर से चकुदरिया बथना जगीरहा एन०एच० 74 तक की 4 कि०मी० कच्ची सडक काफी जर्जर रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*296. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगियाव के आरा नहर पर ग्राम अगियाव से ग्राम लसाढ़ी तक सड़क का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम लसाढ़ी से ग्राम चौरी, ग्राम जनपुरिया और ग्राम अंधारी तक आरा नहर पर सड़क की स्थिति जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम लसाढ़ी से ग्राम अंधारी तक सड़क बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूपों को चालू करना

*297. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड के बराप गाँव में राजकीय नलकूप विगत् 30 वर्षों से खराब है, जिसके कारण किसानों की खेतों में सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार खराब पड़े राजकीय नलकूपों को ठीक कराकर सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*298. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड के अन्तर्गत तारापुर–संग्रामपुर मुख्य पथ का बाईपास सड़क जो धौनी गाँव से होकर छत्रहार काउजवे तक जाता है जिसे गिलानी सड़क भी कहते हैं के बीच चौरा नदी पर अभीतक कोई पुल का निर्माण नहीं हुआ है जिससे तारापुर एवं मुंगेर जिला के लाखों लोगों को तेलडिहा देवीस्थान तक जाने में तथा श्रावणी मेला के समय कवंरिया को देवघर जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

साईफन पुनः निर्माण

*299. श्री दाउद अली—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव अनुमंडल के नावानगर स्थित रूपसागर साईफन का पश्चिमी दीवार दिनांक 01 नवम्बर, 2012 को गिर जाने से भोजपुर राजवाहा का पानी का बहाव बन्द है, जिससे हजारों एकड़ भूमि पर सिंचाई नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त साईफन का पश्चिमी दीवार को पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*300. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड स्थित महानन्दा नदी एवं नागर नदी के तेज बहाव एवं कटाव के कारण छोटी रघुनाथपुर, बड़ी रघुनाथपुर, चाँन, पाड़ा, बालु पाड़ा, कलौनी हाट, भरतपुर, महेशपुर, मथुरापुर, बारयोल मदरसा एवं कुचिया मोड़, डेंगड़ा पारा, किचन डाही, निसार मारी, छोड़ाडीहा इत्यादि दर्जनों गाँवें प्रभावित हैं, जिससे 50 हजार लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त होने के साथ–साथ प्रत्येक वर्ष लाखों की सम्पत्ति नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*301. डॉ0 रामानन्द यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड के कनौजी कछुआरा पंचायत के ग्राम सद्भावना नगर में खेमनीचक कछुआरा मुख्य सड़क से गोकुलपुर कॉलनी होते हुए सद्भावना नगर तक अभीतक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*302. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत बाढ़ प्रमंडल, काढ़ा–गोला द्वारा स्थायी रूप से गंगा कटाव को रोकने हेतु 11 स्परों का निर्माण वित्तीय वर्ष 2002–03 में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्पर निर्माण के बावजूद कटाव जारी है और वर्ष 2012 में गुमटी टोला गाँव का आधा भाग एवं जमीन कट कर नदी में विलीन हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कटाव को रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

*303. श्री संजय सिंह (टाइगर)—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला का मुख्यालय आरा शहर के अंतर्गत रेलवे स्टेशन से गोपाली चौक तक धरहरा पुल से शीशमहल चौक तक, टाऊन थाना से शहीद भवन तक पथ जर्जर है, जिसके कारण आवागमन बाधित है तथा दुर्घटनाएं होते रहती हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पंचायत सेवक का पदस्थापन

*304. श्री राम लषण राम "रमण"—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की अंधराठाढ़ी उत्तरी पंचायत के पंचायत सेवक सतीश पाठक का स्थानांतरण तीन माह पूर्व हो गई एवं उनके स्थान पर अजय नाथ झा का पदस्थापन किया गया, जिनका योगदान अबतक नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत में पंचायत सेवक के योगदान न होने से संयुक्त खाता नहीं खुला है तथा तीन महीनों से विकास कार्य एवं सभी तरह के प्रमाण–पत्रों का निर्गत होना बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नये पंचायत सेवक को पदस्थापित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*305. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के पचुली हराजी नीचली पथ जो गरखा प्रखंड के देवरिया ग्राम को जोड़ती है, प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत् दिघवारा प्रखंड के फकुली ग्राम तक बन गई है, शेष 1 कि0मी0 फकुली से देवरिया बच गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल की निकासी

*306. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत चरगुहा धार के पानी की निकासी की उत्तम व्यवस्था नहीं रहने के कारण बैरिया, लालबथानी, बलरामपुर प्राणपुर, किसनपुर, गोपालपुर गाँव के किसानों की लगभग 1000 एकड़ भूमि पर ससमय खेती नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार पाँनी निकासी की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

कमरों का निर्माण

*307. श्री दामोदर सिंह—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मेसर्स विस्मीलार ब्रदर्स जंगलिया, गोपालगंज को भवन कार्य प्रमंडल, गोपालगंज के द्वारा एकरारनामा संख्या 36 एफ0 2/08–09, दिनांक 7 जनवरी, 2009 द्वारा 1,68,148.00 लाख रु0 नावार्ड योजना अन्तर्गत उच्च विद्यालय शाहपुर, सिधवलिया (गोपालगंज) में अतिरिक्त वर्ग कमरा के निर्माण हेतु राशि आवंटित की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय शाहपुर, सिधवलिया (गोपालगंज) में अतिरिक्त वर्ग कमरा के निर्माण की प्राक्कलित राशि 17.33 लाख की थी जिसमें मात्र 33,482.00 ही राशि संवेदक द्वारा खर्च करने के पश्चात् अतिरिक्त वर्ग कमरा का भवन निर्माण नहीं हो सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अतिरिक्त वर्ग कमरा का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*308. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011–12 के निविदा के आलोक में बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय कार्य प्रमण्डल के एन०एच० 31 से अमरौल एवं बीरपुर, बेगूसराय मुख्य सड़क से पचम्बा ग्राम की सड़क मरम्मती कार्य कराई गयी है, जो अभीतक अधूरा है, जिस कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*309. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड स्थित मधुबन बाजार से भाया बसहा, नररपुर, बंगराहा होते हुए मेजरगंज तक ग्रामीण सड़कों की विगत 10 वर्षों से मरम्मती नहीं होने के कारण आवागमन अवरुद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की स्थिति जर्जर रहने के कारण भारत–नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रहने से आम आदमियों के साथ ही व्यापारियों को व्यापार करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर, ऊँच्चाई कर, मिट्टीकरण एवं पक्कीकरण कर आवागमन को चालू कराने हेतु कौन–सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*310. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के पलासी प्रखण्ड के ग्राम हसनपुर से सदानंद यादव (मुखिया) के घर होते हुए कांटा चौक, हसनपुर तक जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ को पूरा करना

*311. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में सासाराम चौसा रोड (सिरिसिया) से कुदरा परसथुआ पथ को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क 07 अगस्त, 2008 से बन रहा है जिसका अभीतक 10 प्रतिशत सड़क भी नहीं बन पाया है । यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*312. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही

है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय कार्य प्रमण्डल के एन०एच० 31 केशावे ग्राम की सड़क जर्जर है, जिस कारण आमलोगों को आने–जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संवेदक पर कार्रवाई

*313. श्री नौशाद आलम––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत उच्च विद्यालय पौआखाली के चहारदीवारी के निर्माण कार्य तत्कालीन विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्री विष्णुकान्त झा द्वारा कार्य एजेन्सी ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल किशनगंज के देख–रेख में 1,98,800 (एक लाख अनठानबे हजार आठ सौ) रुपया की लागत से 2009 में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं होने के कारण निर्माण कार्य पूरा होने के दो वर्ष में ही दिनांक 14 सितम्बर, 2012 को पीलर सहित गिर गया है, जिसकी सूचना प्रबंध समिति ने जिला पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु दी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में घटिया निर्माण कार्य कराने वाले संवेदक पर कानूनी कार्रवाई करते हुए लागत राशि वापस लेने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केनालों की मरम्मती

*314. श्री जावेद इकबाल अंसारी––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के डकरा जलाशय का मुख्य फाटक खराब रहने के कारण उक्त डैम में पानी जमा नहीं हो रहा है, तथा उक्त जलाशय का सभी केनाल जीर्ण–शीर्ण अवस्था में रहने के कारण इससे लाभान्वित होनेवाले किसानों को ससमय सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त डैम के फाटक सहित केनालों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क निर्माण

*315. मो० आफाक आलम––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखण्ड के गड़िया पंचायत में बेलवाड़ी गाँव के दक्षिण कोसीधार में पुल एवं सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल एवं सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*316. श्री सुरेन्द्र मेहता––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड के एन०एच० मधुरीढाला से बन्द्वार ग्राम तक की सड़क जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*317. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, संख्या 2, पटना ने अपने पत्रांक 328 (अनु०), दिनांक 9 मार्च, 2007 के द्वारा गोपालगंज जिला के प्यारेपुर मौजा (प्रखंड बैकुण्ठपुर) एवं मुजफ्फरपुर जिला के पहारपुर मौजा (प्रखंड साहेबगंज) के बीच गंडक नदी के बंगरा घाट पर आर०सी०सी० उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के लिए 62.26 लाख का प्रशासनिक अनुमोदन हेतु प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना को समर्पित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल संख्या 2, पटना बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० ने अपने पत्रांक 573 (अनु०), दिनांक 21 अप्रैल, 2012 को उप–मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार राज्य अंचल, पटना को उक्त पुल के उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुल निर्माण के औचित्य को बतलाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक बंगरा घाट पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*318. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत खरोंट–वारिसलीगंज तथा वारिसलीगंज–पकरीबरावाँ पथ में कई स्थानों पर बड़े–बड़े गड्ढे हो गये हैं, जिससे वाहनों के परिचालन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ नवादा जिला को जमुई जिला से जोड़नेवाली महत्वपूर्ण पथ है, जिसपर हजारों वाहनों का प्रतिदिन आवागमन होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को राज्य उच्च पथ में परिवर्तित कर पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*319. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अन्तर्गत मदरडिह गाँव के पास जकोरी नदी में पुल नही होने के कारण आम जनमानंस को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार जकोरी नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव निरोधक कार्य

*320. श्री संजय सिंह (टाईगर)—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला मुख्यालय, आरा के निकट उदवंत नगर प्रखंड के अखितयारपुर (बड़का गाँव) के सामने कुड़वा नदी के कटाव के कारण बड़का गाँव पथ का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कटाव से क्षति को रोकने हेतु नदी के किनारे बोल्डर पिचींग कराते हुए कटाव रोधक कार्य करने का विचार रखती है ?

दोषी पर कार्रवाई

*321. श्री प्रमोद कुमार—स्थानीय अंग्रेजी दैनिक समाचार में दिनांक 05 अप्रील, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "Panel formed to probe bungling of Rs. 39 lakh" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के डी०आर०पी० (जिला साधन सेवी) के त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण 2010 में कराने के संबंध में 39 लाख रुपये के गबन का जाँच प्रधान सचिव के आदेशानुसार जिलाधिकारी के द्वारा की गई, जिसकी प्राथमिकी भी नगर थाना, मोतिहारी में दर्ज है परन्तु इसके जिम्मेवार अधिकारियों के विरुद्ध अबतक कार्रवाई नहीं की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके निर्धारित नियमानुसार 60 दिवसीय प्रशिक्षण के पारिश्रमिक का नियम संगत भुगतान एवं चयनित व्यक्तियों का नियम संगत चयन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई जिसके कारण जिला पंचायती राज के नाजीर निलंबित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर इसके जिम्मेवार अधिकारियों द्वारा राशि गबन की जाँच एवं राजस्व की प्राप्ति की दिशा में कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं , तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*322. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखंडान्तर्गत सासाराम रोड से करमा भाया बगेया, कैथी तक 4.36 कि०मी० पथ के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2008–09 में 151 लाख 83 हजार रुपये की स्वीकृति हुई थी, परन्तु आज–तक बिना कोई कार्य कराये 31 लाख रुपये की निकासी जे०के०एम० इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि० द्वारा कर ली गई है, यदि हां, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*323. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित बल्थी घाट पर उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल नहीं रहने से आम लोगों को नौका की सवारी करनी पड़ती है, यदि हां, तो सरकार कबतक बल्थी घाट पर उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मानदेय का भुगतान

*324. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित 100 विशेष बाल श्रमिक विद्यालय के शिक्षकों के मानदेय का भुगतान विगत् 9 महीने से नहीं हो रहा है, जिससे उक्त शिक्षकों के सामने भूखमरी की समस्या खड़ी हो गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त शिक्षकों के मानदेय का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*325. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखंड के जीनपुर ग्राम से मखवा–बढ़िया होते हुए सूर्यपूरा तक की सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को जिला मुख्यालय आने–जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्ड उपलब्ध कराना

*326. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के बी0पी0एल0 कार्डधारक परिवार को स्वास्थ्य बीमा कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र के बी0पी0एल0 धारकों को स्वास्थ्य बीमा कार्ड से वंचित रखा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मुजफ्फरपुर शहर में रहने वाले बी0पी0एल0 धारकों को स्वास्थ्य बीमा कार्ड उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का निर्माण

*327. श्री फैयाज अहमद—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के दमला गाँव में स्थित मदरसा के बाउन्ड्री एवं उसके छात्रावास निर्माण हेतु प्राप्त राशि जिलाधिकारी, मधुबनी द्वारा जुलाई, 2012 में ही कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मधुबनी को उपलब्ध करा दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि की उपलब्धता के बावजूद अभीतक उक्त कार्य को कराने हेतु निविदा की प्रक्रिया भी नहीं अपनायी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मदरसा के छात्रावास निर्माण संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*328. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत विहपुर प्रखंड को नरकटिया बाँध (अगस्त, 2011) टूटने के वजह से सोनवर्षा में 14 नं0 सड़क से शंभु कुमर के घर होते हुए बड़ी भगवती स्थान तक (प्रधान मंत्री सड़क) नन्हकार में त्रिशुल बाबु (14 नं0 सड़क) से एन0एच 31 तक एवं भ्रमरपुर में दुर्गा स्थान सतियारा से एन0एच0 31 तक का सड़क ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सड़क के ध्वस्त होने से संबंधित गाँव का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है तथा किसान अपने खेत में बुआई भी नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आहर का जीर्णोद्धार

*329. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी और सहार प्रखंड में सिंचाई का एकमात्रे साधन आहर ही है जो जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के आहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*330. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के अधीन अमर सिंहपुर पंचायत के अन्तर्गत राधोल प्रधान मंत्री सड़क से शिहपुर–पंचागाछी प्रधान मंत्री सड़क भाया भंगटपुरकलमेधा तक का सड़क कच्ची है जिससे आम नागरिकों को बरसात के समय में आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार कबतक रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*331. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत डी ही मलाही, चन्दरपुर सड़क प्रधान मंत्री सड़क निर्माण के तहत् वर्ष 2010 में शुरू किया गया, लेकिन 50 प्रतिशत कार्य होने के बाद वर्ष 2011 से सड़क निर्माण कार्य बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का कार्य अधूरा होने के कारण साईकिल, मोटर साईकिल एवं गन्ना से लदी बैलगाड़ी को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*332. श्री छोटे लाल राय—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दरियारपुर प्रखंड के ग्राम कोन्हवा, बेलहर एवं तुर्की में गड़क नदी का कटाव तेजी से हो रहा है, जिससे ग्रामीणों का घर कटाव से प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कटाव निरोध कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*333. श्री ललन राम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अम्बा एन0एच0 139 से देव सूर्य मंदिर तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### भवन का निर्माण

*334. श्री अख्तारूल इसलाम शाहीन––क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे––

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड में अन्य पिछड़ी जाति कन्या आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन वर्ष 2010 से निर्माणाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य ससमय पूरा कर कल्याण विभाग को हस्तांतरित नहीं होने के कारण अन्य पिछड़ी जाति के गरीब परिवार के छात्राओं को ठहरने एवं अध्ययन करने में भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा कराकर कल्याण विभाग हस्तांतरित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### सुलिस गेट का निर्माण

* 335. श्री विजय कुमार सिन्हा ––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत में ककरौडी पुल के पश्चिम बाँध आहर में दोनों तरफ स्टोन पिचिंग एवं सुलिस गेट के नहीं रहने के कारण आहर के पानी से हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाँध आहर में दोनों तरफ स्टोन पिचिंग करते हुए सुलिस गेट के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### पी0सी0सी कराना

* 336. श्री चितरंजन कुमार ––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के रामपुर चाय पंचायत के पांचू बिगहा ग्राम जिसकी आबादी 800 है पक्की सड़क नहीं होने से आवागमन का अभाव है;

(2) क्या यह बात है कि जिला के अंतिम सीमा पर स्थित यह गाँव में दलित महादलितों की अधिक आबादी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पांचू बिगहा नहर से देवकुंड हसपुरा मुख्य सड़क तक पी0सी0सी0 ढलाई कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### भवन का निर्माण

* 337. श्री छोटे लाल राय ––क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दरियारपुर एवं परसा प्रखंड का प्रखंड भवन एवं आवासीय भवन विगत 50 वर्षों पूर्व बना था, जो जर्जर है, तथा प्रखंड कार्यालय कार्य के साथ आवासितों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड भवन एवं आवासीय भवन का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

* 338. श्री कृष्ण कुमार ऋषि — क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनसी प्रखंड के हरिगुड़ी पंचायत में रसाढ़ से बोतल टोला गाँव जाने वाली सड़क के मध्य धार बहती है, वहां पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 339. श्री वैद्यनाथ सहनी —क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज चकसिकन्दर लोचना बाँध प्रधानमंत्री सड़क से वैशाली जिला के प्रधानमंत्री सड़क मरूई चौक से जानेवाली पथ में नून नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का समना करना पड रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थान पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 340. श्री गंजानन्द शाही —क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा से शाहपुर पथ जो 25 कि0मी0 सड़क निर्माण के लिए 7 वर्ष पूर्व निविदा किये जाने के बावजूद आजतक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भत्ते का भुगतान

* 341. श्री अवनीश कुमार सिंह —क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010–11 से राज्य के संवेदको के विपत्र की राशि का 1 प्रतिशत लेबर सेस के रूप में कटौती की जा रही है जबकि लेबर सेस की राशि से संवेदकों के साथ काम कर रहे मजदूरों को बेरोजगार होने पर बेरोजगारी भत्ता दिये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है 2010–11 से आजतक एक भी श्रमिक को लेबर सेस की राशि से बेरोजगारी भत्ता का भुगतान नहीं किया गया है जबकि लेबर सेस की राशि की कटौती संवेदकों से नियमित रूप से हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेरोजगार श्रमिकों को लेबर सेस मद से बेरोजगारी भत्ता का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

* 342. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड कार्यालय का भवन जर्जर रहने से कार्यालय कर्मियों एवं पदाधिकारियों को कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शेरघाटी में नया प्रखंड कार्यालय भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

* 343. श्री सदानंद सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला से गोड्डा जिला को जोड़नेवाली सड़क त्रिमुहान–एकचारी–महगामा पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूपों को चालू करना

* 344. डॉ0 अच्युतानंद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 25 सितम्बर, 2012 के अंक में छपी खबर "74 प्रतिशत सरकारी नलकूप बेकार" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल 10248 राजकीय नलकूप है, जिनमें से सिर्फ 2625 नलकूप ही चालू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले दो वर्षों में विभाग के 32 करोड़ रुपये सरकार द्वारा चैनल निर्माण के लिए दिए गए परन्तु सही निगरानी नहीं होने से चैनलों का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चैनल का निर्माण एवं बन्द पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती हैं, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आहर का निर्माण

* 345. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, लघु सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के रामपुर चौरम गाँव में कृषि कार्य हेतु आहर ही एकमात्र साधन है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आहर में स्लूईस गेट एवं नाला का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---

पथ का निर्माण

* 346. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखण्डान्तर्गत आरा, सासाराम रोड से अमैठी तक की 2.73 कि0मी0 पथ के निर्माण हेतु वितीय वर्ष 2008–09 में 70 लाख 10 हजार रुपये की स्वीकृति हुई थी, परन्तु आजतक बिना कोई कार्य कराये 31 लाख रुपये की निकासी जे0के0एम0 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0 द्वारा कर ली गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 347. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलांतर्गत एन0एच0 84 बिहियां चौरस्ता से सलेमपुर पी0डब्लू0डी0 पथ

को पी0एम0जी0एस0वाई0 के तहत एन0पी0सी0सी0 लिमिटेड के द्वारा कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0पी0सी0सी0 लिमिटेड के पत्रांक 71917, दिनांक 12 अगस्त, 2011 एवं पत्रांक 719107, दिनांक 14 सितम्बर, 2012 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, आरा को पथ का हस्तान्तरण लिए जाने का अनुरोध किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का हस्तान्तरण हेतु प्रश्नकर्ता के पत्र पत्रांक 573, दिनांक 22 अगस्त, 2012 पर मंत्री, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 1326, दिनांक 23 अगस्त, 2012 द्वारा सचिव, पी0डब्लू0डी0 को आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को हस्तान्तरण कर निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

ट्यूबवेल चालू करना

* 348. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखण्ड अन्तर्गत वर्ष 2006–07 में 40 स्टेट ट्यूबवेल का निर्माण कराया गया है, परन्तु ट्यूबवेल मशीन का अधिष्ठापन नहीं होने से किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी ट्यूबवेल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की सुविधा

* 349. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर प्रखंड में रघुनाथपुर वितरणी की कुल लम्बाई 14 किलो मीटर जो ग्राम खरहना से शोभीपुर तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रघुनाथपुर वितरणी में इटावा ग्राम में उच्चा फाल, एक 3 फिट का नाली तथा एक फिट का नाली लगा हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त वितरणी के ऊपरी हिस्से में उच्चा फाल एवं नाली लगा होने के कारण वितरणी के नीचे के गाँवों शोभीपुर, भगवानपुर, त्रिगुणपुर के खेतों को पानी नहीं मिल पाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर के नीचे के खेतों को पानी देना चाहती है, हाँ, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

* 350. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत सबूतर से भाया डैनी होकर समदा जाने वाली के नगर प्रखण्ड सीमा तक जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

पथ का जीर्णोद्धार

* 351. श्री अरूण कुमार सिन्हा —क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के अनीसाबाद से खगौल तक सड़क के बीच एन0एच0 98 का हिस्सा पिछले दो वर्षों से अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है तथा प्रायः दुर्घटनायें होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनिसाबाद से खगौल पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 352. श्री अशोक कुमार सिंह (224) —क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के खिरिऑवां से रफीगंज तक जाने वाली पथ दो प्रखंडों को जोड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित पथ मे मदनपुर प्रखंड के तेतरिया गाँव के पास मदाड़ नदी पर पुल नहीं रहने से बरसात के दिनों मे सैकड़ों गाँव के लोगों को आवागमन मे कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मदनपुर प्रखंड के तेतरिया गाँव के पास मदाड़ा नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

---

सड़क बनाना

* 353. श्री इजहार अहमद — क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के फरदा बगरासी , तेनुआ, कहुआ, मनसरा बड़गाँव, आहिसडिह, पल्लव तक सड़क है जो जिला अनुमंडल, प्रखंड पंचायत एवं कई ग्रामों को जोड़ने वाली मुख्य सड़के हैं, जो जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 354. श्री अरूण कुमार— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड में ग्राम पंचायत महमदपुर के ग्राम भवदेवा में अधिक पानी आ जाने के चलते बीच गाँव होकर ही एक बहुत बड़ा नाला हो गया है, जिसके चलते गाँव दो भाग में बंट गया है, तथा लोगों को आने–जाने मे काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त नाला पर पुल बनाकर दो भागों मे बंटे गाँव को जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 355. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड के ग्राम देवठा में आजादी के 65 वर्षों के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिससे 3000 की आबादी सड़क संपर्क से महरूम है, यदि हाँ तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

* 356. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के गिद्धा से फुलवरिया जाने वाली ग्राम्य पथ में फुलवरिया घाट पर पुल निर्माण हेतु मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2010–11 में चयन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण हेतु उक्त योजना का चयन होने के बावजूद भी आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

पुलों का निर्माण

* 357. श्री कृष्णनंदन पासवान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि तुरकौलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत हरदिया मठ से मजुराहा गाँव के बीच धनौती नदी पर पुल निर्माण एवं चरगाहा पंचायत के मोहब्बत छपरा प्राथमिक विद्यालय, भगत टोला के सामने टुणा महतो के घर के बीच पईन पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुलों को निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

* 358. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड स्थित कोइली, ददरी, बहुरार एवं हनुमाननगर होते हुए कौड़िया प्रधानमंत्री सड़क तक की स्थिति विगत 10 वर्षों से जर्जर अवस्था में रहने के कारण आवागमन में आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क भारत–नेपाल सीमा पर अवस्थित रहने के कारण उक्त अन्य प्रखंडों से सीधा संपर्क स्थापित करने का एकमात्र पथ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---

सड़क का पक्कीकरण

* 359. श्री अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के बौहरवा गाँव से महेशपुर, लिलजा, झारा सुसोना तक जाने वाली सड़क कच्ची रहने के कारण खासकर बरसात के समय आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

* 360. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के खरसौता पंचायत के अधीन परिहारपुर प्रधान मंत्री सड़क जीरो माईल से कन्दौल संथाल टोला, कन्दौल बंगाल बोर्डर से खुदागंज प्रधान मंत्री सड़क तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण आम नागरिकों को बरसात के समय में आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची पथ को पक्कीकरण कराने का विचार कबतक रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

* 361. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के संग्रामपुर प्रखण्ड तथा केसरिया प्रखंड अंतर्गत पकड़ी धनगढ़हा रोड को प्रधान मंत्री पथ निर्माण योजना से वर्ष 2009 में ही पक्कीकरण करने के लिये टेंडर किया गया है, परन्तु 4 वर्ष के बाद भी अभी रोड का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषी संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई कर रोड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

---

सड़क बनाना

* 362. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के ग्राम आमी एवं दरियापुर प्रखण्ड के ग्राम अदमापुर कमालपुर को जोड़ने वाली 4 कि0मी0 कच्ची सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 363. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत पलासी प्रखंड के पीपरा कोठी घाट से छपनियाँ होते हुए सिकटी प्रखण्ड के प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क खोरागाछ तक जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पिपरा, छपनियाँ रामटोला, मुशहरी, गड़गम्मा मुशहरी टोला एवं खोरागाछ मुशहरी टोला जैसे 500 से 1000 की आबादी वाले गाँव को जोड़ती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वैसी सड़क जिसके ईर्द–गिर्द 500 से 1000 की आबादी का बसावट हो उसे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कराने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

* 364. श्री मंजीत कुमार सिंह— दैनिक समाचार–पत्र दिनांक 23 फरवरी, 2011 में प्रकाशित "बनेंगे और चार स्टेट हाइवे" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के महम्मदपुर–छपरा पथ की लम्बाई 68.50 किलोमीटर की निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2011 मे दी गई थी तथा मार्च, 2011 से कार्य प्रारम्भ किया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि क्षतिग्रस्त महम्मदपुर–छपरा पथ का कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 365. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखण्ड के ग्राम तेवथा–करारी में आजादी के 65 वर्षों के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे 3000 की आबादी सड़क संपर्क से महरूम है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

* 366. श्रीमती पुनम देवी यादव—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन योजना, 2011 के अंतर्गत प्रमंडलों में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के साथ–साथ जिला एवं अनुमंडलों में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करना है, यदि हाँ, तो सरकार खगड़िया में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 367. डॉ0 इजहार अहमद—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत सुपौल हाटगाछी–जमालपुर सड़क प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना से दोनों साइड बन गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपौल हाटगाछी–जमालपुर सड़क के बीच कमला बलान नदी पर पुल नहीं रहने के कारण हजारों लोगों का आवागमन उक्त सड़क पर अवरुद्ध है, उक्त मुख्य सड़क दरभंगा एवं सहरसा जिला को आपस में जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कमला बलान नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

* 368. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना बख्तियारपुर, बख्तियारपुर बेगूसराय, खगड़िया पूर्णियाँ राष्ट्रीय राज्य मार्ग सं0 31 को चौड़ीकरण सहित फोरलेन निर्माण हेतु एन0एच0ए0आई0 को वर्ष 2010 में हस्तांतरित की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटित पैकेजो में नियमानुसार अनुदान ग्राही मार्ग को मोटरेबुल रखना है, जबकि संवेदकों के द्वारा मार्ग को मोटरेबुल नही रखने से आमजन को काफी असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मार्ग को मोटरेबुल करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 369. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है लखीसराय जिलान्तर्गत नगर परिषद के पचना रोड से तिलोखर होते हुए सोये नदी तक सड़क निर्माण विगत तीन वर्षों से रूका हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण नहीं होने से हजारों लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और बरसात मे आवागमन पूर्णतः बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रोड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध की मरम्मती

* 370. श्री जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 1995 मे बाँका में आई भीषण बाढ़ में बाँका प्रखंड के दोमुहान गाँव के पास चाँदन नदी के तेज बहाव से खैरा बाँध टूट गया है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त बाँध को मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

बियर का निर्माण

* 371. श्री शालीग्राम यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड स्थित खिरहर गाँव में सदाबहार बच्छराजा नदी बहती है, किन्तु नदी पर बियर का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त गाँव के किसानों की फसल सूख जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बच्छराजा नदी पर बियर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव निरोधक कार्य कराना

* 372. श्री अरूण कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत, बेलवारा को कोशी नदी से बचाने के लिए विभागीय मंत्री के निर्देश पर 17 अगस्त, 2012 को एक कमिटी का गठन कर कटाव निरोधक कार्य करने हेतु सुझाव मांगा गया था;

(2) क्या यह बात सही है कमिटी के सुझाव पर डैनेज डिवीजन, कोपड़िया के द्वारा 1200 मीटर में कटाव निरोधक कार्य हेतु दिनांक 03 अक्टूबर, 2012 को प्रस्ताव भेजा गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि अभियंता प्रमुख के द्वारा कमिटी के सुझाव को नहीं मानते हुए मात्र 500 मीटर में कटाव निरोधक कार्य करने की सहमति दी गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कमिटी के सुझाव के अनुरूप 1200 मीटर में कटाव निरोधक कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 373. श्री अख्तारूल इसलाम शाहीन—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला एवं प्रखंड अन्तर्गत ग्राम हरपुर एलौथ में अंबेदकर आवासीय बालिका उच्च भवन का निर्माण वर्ष 2010 से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय भवन का निर्माण ससमय पूरा नहीं होने एवं कल्याण विभाग को हस्तानांतरित नहीं होने से अनु० जाति/जन–जाति के गरीब परिवार के बालिकाओं को ठहरने एवं शिक्षा ग्रहण करने में भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा कर कल्याण विभाग को हस्तानांतरित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

* 374. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड अन्तर्गत बागमती नदी के माड़रघाट के निकट पुल मार्च, 2012 से बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के पहुँच पथ जर्जर रहने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा इसकी शिकायत मई, 2012 मे कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, सीतामढ़ी को करने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेभर ब्लॉक का निर्माण

* 375. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत एन०एच० 99 का डोभी से गोसाईडीह तक सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के दोनों किनारों के बचाव हेतु कार्य नहीं कराये गये है, जिससे सड़क खराब हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए सड़क के दोनों किनारों में पेभर ब्लौक का र्निाण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन चालू कराना

* 376. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत शम्भूगंज के गुलनी कुशाहा ग्राम से गोरयामा कच्ची पथ रहने के कारण आवागमन में आमलोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गुलनी से गोरयामा तक सड़क एवं पुलिया निर्माण कराकर आवागमन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य का औचित्य

* 377. श्री अजीत कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के बाल्मिकी नगर बराज से मुजफ्फरपुर जिला के ढोली तक जीरो आर0डी0 से 790 आर0डी0 तक तिरहुत कैनाल में जीर्णोद्धार का कार्य कुल 381 करोड़ की लागत से जून, 2012 में पूरा किया जाना था, जो अबतक अधूरा है, यदि हाँ, तो उक्त कार्य को अभीतक अधूरा छोड़े जाने का क्या औचित्य है ?

---

आर0ओ0बी0 का निर्माण

* 378. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज नगर पंचायत के स्टेशन के निकट बाजार से प्रखण्ड मुख्यालय की ओर जाने वाली सड़क में रेल लाईन पर आर0ओ0बी0 निर्माण हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता से विभाग द्वारा प्रतिवेदन माँगा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग को एक वर्ष पूर्व प्रतिवेदन प्राप्त होने के बावजूद आर0ओ0बी0 निर्माण हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर0ओ0बी0 निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 379. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के गुनाई बसही पंचायत के आगार घाट नून नदी के मध्य में पुल नहीं रहने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

* 380. श्री ललन राम—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखण्ड देव में बूढ़ी बाँध से हजारों एकड़ जमीन सिंचित होता है, जो क्षतिग्रस्त है, जिससे सिंचाई में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त बाँध को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

* 381. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत जगदर से महुआवा जाने वाली सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क का निर्माण हो रहा है तथा उक्त सड़क में महुआवा के निकट हरदी नदी बहती है, जिस पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 382. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के तिलक ताजपुर ग्राम के बाँध किनारे से श्री नारायण सिंह के घर होते हुए श्री राम विनोद सिंह के घर तक जाने वाली सड़क निर्माण की स्वीकृति वर्ष–2011 में दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण हेतु ग्रामीण कार्य विभाग पटना द्वारा जिला समाहर्ता सीतामढ़ी से मार्च, 2012 तक टेक्नोफिजिबिलिटी प्रतिवेदन की माँग की गई थी, जो आजतक नहीं मिलने के कारण सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 383. श्री (मो0) आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के मोहनी टिक्का पंचायत के अंतर्गत कोसीधार के कोठी घाट पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों की मरम्मती

* 384. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत मांझा प्रखण्ड के मांझा रेलवे स्टेशन के पूर्वी ढाला से ग्राम सरेया अख्तियार तक और बरौली प्रखण्ड अंतर्गत सिवान सरफरा पथ से ग्राम कल्याणपुर तक जाने वाली पथ निर्माण विभाग की सड़क वर्ष 1910 से ही बिल्कुल टूट गयी है जिससे आम लोगों को इन दोनों सड़कों पर आने–जाने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन दोनों पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 385. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड स्थित घोघरडीहा हटनी पथ निर्माणाधीन है तथा हटनी से हड़री–बसखोरा (सुपौल सीमा) तक पथ निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार हटनी से हड़री–बसखोरा तक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटनाः
दिनांक 05 दिसम्बर, 2012 ई0।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 157–डी0टी0पी0–450